**NEWS CLIPPING: 18 & 25.10.2017**

**AMAR UJALA**

# वाईएमसीए विवि में पहली बार आएंगे मुख्यमंत्री, नए कैंपस की घोषणा संभव

सिद्धार्थ शाह

फरीदाबाद।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में 26 अक्तूबर को पहली बार सीएम मनोहरलाल आ रहे हैं। विश्वविद्यालय एवं विद्यार्थियों को सीएम से काफी उम्मीद है। विश्वविद्यालय तीन प्रमुख मांगों को लेकर चल रहा है। मुख्यमंत्री के पहली बार आने से इन मांगों पर रास्ता साफ होने की पूरी उम्मीद की जा रही है। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 2011 के बाद पहली बार सीएम आ रहे हैं, इसलिए विज्ञान सम्मेलन के कार्यक्रम पर सब की निगाह बनी हुई है।

माना जा रहा है कि गुरुग्राम-फरीदाबाद मार्ग पर भाखरी गांव में 68 एकड़ जमीन पर विश्वविद्यालय के विस्तार पर सहमति बन सकती है। इसके लिए जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी दौरा कर प्रस्ताव बनाकर भेज चुके हैं। सीएम से हरी झंडी मिलना बाकी है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने नए पद सृजित करने एवं नए कोर्स शुरू करने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा है। यह फाइल सीएम कार्यालय तक पहुंच गई है। यह विश्वविद्यालय दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में आने के कारण अधिक फोकस किया जा रहा है। इसलिए मुख्यमंत्री के आगमन पर नजर बनी हुई है।

## भाखरी गांव की जमीन को प्रशासन ने किया है चिन्हित

**भविष्य के लिए बेहतर भाखरी गांव की जमीन :** जिस स्थान को विश्वविद्यालय विस्तार के लिए चिन्हित किया गया है, वह भविष्य के लिए बेहतर माना जा रहा है। इस जमीन से अरावली नजदीक है। विश्वविद्यालय को शोध एवं अनुसंधान के लिए खुले भाग की जरूरत है।

**NEWS CLIPPING: 18 & 25.10.2017**

**DAINIK BHASKAR**

# वाईएमसीए को सीएम देंगे 60 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

हरियाणा स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से 25 और 26 अक्टूबर को दो दिवसीय राज्यस्तरीय विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसके समापन समारोह में 26 अक्टूबर को सीएम मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान वे विवि में करीब 60 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों की रुचि को बढ़ावा देना तथा विज्ञान से संबंधित संवाद को प्रोत्साहित करना है। सम्मेलन में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लगभग 1500 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। उद्घाटन समारोह में दीनबन्धु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि मुरथल के कुलपति डॉ. राजेंद्र कुमार मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन की संयोजक डॉ. सोनिया बंसल के अनुसार हरियाणा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले सम्मेलन में प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों के चर्चा सत्र होंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की जाएंगी। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी होगी। मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मॉडल्स की प्रदर्शनी रहेगी। इसके लिए विभिन्न स्कूल एवं कालेजों से 24 अक्टूबर तक मॉडल आमंत्रित किए गए हैं। ये सभी मॉडल चयनित 11 विषयों कौशल भारत, हरित भारत, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, स्वदेशी भारत, स्वस्थ भारत, सुरक्षित भारत, शिक्षित भारत, सामर्थ्य भारत, विज्ञान गांव तथा मेक इन इंडिया के शामिल हैं। प्रदर्शनी के लिए चयनित मॉडल्स में श्रेष्ठ तीन को पुरस्कृत किया जाएगा।




## इनका उद्घाटन व शिलान्यास होगा

**ऑडिटोरियम :** विवि द्वारा लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से ऑडिटोरियम तैयार किया गया है। इसमें लगभग 200 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

**स्वर्ण जयंती द्वार :** वाईएमसीए विवि 2019 में अपने 50 वर्ष पूरे करने जा रहा है। इस उपलक्ष्य को यादगार बनाने के लिए विश्वविद्यालय का छात्रसंघ स्वर्ण जयंती द्वार का तोहफा देने जा रहा है। इस द्वार के निर्माण पर लगभग 50 लाख की लागत आएगी।

**छात्रावास:** विवि में लड़कों व लड़कियों के लिए चार-चार छात्रावास हैं। इनकी कुल आवासीय क्षमता 800 विद्यार्थियों की है। बालिका छात्रावास को प्राथमिकता देते हुए एससी-एसटी लड़कियों के लिए एक नया बहुमंजिला छात्रावास बनाया जा रहा है। इसके निर्माण पर लगभग 3 करोड़ की लागत आएगी।

**आवासीय परिसर:** कर्मचारियों के लिए बहुमंजिला आवासीय परिसर का निर्माण किया जाएगा। नौ मंजिला आवासीय खंड में बेसमेंट तथा पार्किंग के लिए स्टिल्ट का प्रावधान होगा। यह परियोजना 24 महीने के भीतर पूरी कर ली जाएगी। इसके निर्माण पर लगभग 36 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

**अकादमिक खंड :** विवि में विज्ञान संकाय में शुरू किए जा रहे नए पाठ्यक्रमों के लिए एक नया विज्ञान खंड बनाया जा रहा है। इसके निर्माण पर लगभग 18 करोड़ की लागत आएगी।

**NEWS CLIPPING: 18 & 25.10.2017**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए विश्वविद्यालय को करोड़ों की नई परियोजनाएं

फरीदाबाद, 23 अक्तूबर (सूरजमल): हरियाणा स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा 25 व 26 अक्तूबर को दो दिवसीय राज्यस्तरीय विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

सम्मेलन के समापन समारोह में 26 अक्तूबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे तथा विश्वविद्यालय में लगभग 60 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास तथा उद्घाटन करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों की रुचि को बढ़ावा देना तथा विज्ञान से संबंधित संवाद को प्रोत्साहित करना है। इस सम्मेलन में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लगभग 1500 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में दीनबन्धु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलपति डॉ. राजेन्द्र कुमार अनयाथ मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन की संयोजक डॉ. सोनिया बंसल ने बताया कि हरियाणा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों के आमंत्रित चर्चा सत्र आयोजित किए जाएंगे तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की जाएगी। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। दो दिवसीय विज्ञान सम्मेलन का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मॉडल्स की प्रदर्शनी रहेगी, जिसके लिए विभिन्न स्कूल एवं कालेजों से 24 अक्तूबर तक मॉडल्स आमंत्रित किए गए है।

मॉडल्स चयनित 11 विषयों पर आधारित होने चाहिए, जिसमें कौशल भारत, हरित भारत, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, स्वदेशी भारत, स्वस्थ भारत, सुरक्षित भारत, शिक्षित भारत, सामर्थ भारत, विज्ञान गांव तथा मेक इन इंडिया विषय शामिल है। प्रदर्शनी के लिए चयनित मॉडल्स में श्रेष्ठ तीन मॉडल्स को पुरस्कृत किया जाएगा।

पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 24 October 2017
epaper.punjabkesari.in//c/23151830

# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 18 & 25.10.2017**

**AMAR UJALA**

अमर उजाला नई दिल्ली मंगलवार, 24 अक्तूबर 2017 2

पेज 8

**विज्ञान सम्मेलन में 11 विषयों पर लगेगी प्रदर्शनी**
वाईएमसीए विश्वविद्यालय में 25 अक्तूबर से दो दिवसीय राज्य स्तरीय विज्ञान सम्मेलन आयोजित होगा।



# विज्ञान सम्मेलन में 11 विषयों पर लगेगी प्रदर्शनी

## वाईएमसीए विवि में 60 करोड़ रुपये की लागत से परियोजना का शिलान्यास

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 25 अक्तूबर से दो दिवसीय राज्य स्तरीय विज्ञान सम्मेलन आयोजित होगा। 26 अक्तूबर को सीएम मनोहरलाल विश्वविद्यालय में 60 करोड़ रुपये की लागत की परियोजना का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन में 1500 विद्यार्थी भाग लेंगे।

विज्ञान सम्मेलन का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मॉडल की प्रदर्शनी रहेगी। इसके लिए स्कूल एवं कॉलेज से 24 अक्तूबर तक मॉडल आमंत्रित किए गए हैं। कौशल भारत, हरित भारत, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, स्वदेशी भारत, स्वस्थ भारत, सुरक्षित भारत, शिक्षित भारत, सामर्थ भारत, विज्ञान गांव, मेक इन इंडिया विषय पर मॉडल की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें चयनित मॉडल में सर्वश्रेष्ठ तीन को पुरस्कृत किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल के कुलपति डॉ. राजेंद्र कुमार मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन की संयोजक डॉ. सोनिया बंसल ने बताया कि सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित वैज्ञानिक के लिए आमंत्रित चर्चा सत्र आयोजित किया जाएगा। लघु फिल्म एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय में एक करोड़ रुपये की लागत से ऑडिटोरियम तैयार किया गया है। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री करेंगे।

> विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों की रुचि को बढ़ाने एवं विज्ञान से संबंधित संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय शिक्षण संस्थान के रूप में वर्ष 2019 में अपने 50 वर्ष पूरे करने जा रहा है। सभी नई परियोजनाओं को आगामी दो वर्षों में पूरा कर लेने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
>
> **- दिनेश कुमार, कुलपति, वाईएमसीए विश्वविद्यालय**

**NEWS CLIPPING: 18 & 25.10.2017**

**NAVBHARAT TIMES**

# YMCA के बीटेक और MBA कोर्स होंगे ग्लोबल !

## मान्यता के लिए यूनिवर्सिटी ने किया आवेदन, अगले महीने आएगी NBA की टीम

■नगर संवाददाता, फरीदाबाद

**2009** में डिग्री कॉलेज से विश्वविद्यालय बनने के बाद वाईएमसीए में चल रहे हैं इंजीनियरिंग, प्रबंधन, कंप्यूटर साइंस व पत्रकारिता के कोर्स

**3.08** नंबर मिल चुके हैं यूनिवर्सिटी को, लेकिन पढ़ाए जा रहे कोर्स को अब तक नहीं मिली है एनबीए से मान्यता

**वाईएमसीए विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बीटेक व एमबीए कोर्स जल्द ही ग्लोबल हो जाएंगे। यूनिवर्सिटी ने नैशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन (एनबीए) से मान्यता के लिए आवेदन किया है। एनबीए की टीम नवंबर में विश्वविद्यालय का दौरा कर दोनों कोर्स को अपने मानकों पर परखेगी। एनबीए से मान्यता मिलने के बाद विश्वविद्यालय के दोनों कोर्स को ग्लोबल मान्यता मिल जाएगी। इसके साथ ही विश्वविद्यालय व संबद्ध प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज भी अपनी सीट आसानी से बढ़ा सकेंगे। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने इसी सत्र से निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में सीट बढ़ाने के लिए चल रहे कोर्स का एनबीए एक्रेडिटेशन अनिवार्य कर दिया है।

### इस बार पूरी है तैयारी

2009 में डिग्री कॉलेज से विश्वविद्यालय बनने के बाद वाईएमसीए में इंजीनियरिंग, प्रबंधन, कंप्यूटर साइंस व पत्रकारिता के कोर्स चल रहे हैं। पिछले साल यूनिवर्सिटी को नैशनल असिसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (नैक) से ए ग्रेड सर्टिफिकेट मिला था। नैक टीम ने यूनिवर्सिटी का आकलन अपने मानकों पर करते हुए 4 में से 3.08 नंबर दिए थे। लेकिन, यूनिवर्सिटी के कोर्स का एनबीए से मान्यता नहीं मिल सकी थी। इसके लिए संस्थान में चल रहे कोर्स मौजूदा समय के मुताबिक रोजगार परक व संस्थान में शिक्षकों को दिया जाने वाला वेतन, इंफ्रास्ट्रक्चर की पड़ताल होती है। वहीं वैश्विक स्तर पर पिछले वर्ष ही भारत वाशिंगटन अकॉर्ड का सदस्य बना था। इससे जो कोर्स एनबीए से मान्यता प्राप्त हो रहे हैं, उनको अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता मिल रही है।

**" एनबीए से मान्यता के लिए आवेदन कर दिया गया है। नवंबर में एनबीए की टीम यूनिवर्सिटी आएगी। पहले चरण में बीटेक व एमबीए कोर्स का एक्रेडिटेशन कराया जाएगा।** – *प्रफेसर दिनेश कुमार, कुलपति, YMCA*



### छात्रों को यह होगी सहूलियत

■ एनबीए से मान्यता मिलने के बाद यूनिवर्सिटी व उससे जुड़े कॉलेज बीटेक-एमबीए की सीट आवेदन कर आसानी से बढ़ा सकेंगे। बतौर यूनिवर्सिटी वाईएमसीए ऐसे भी सीट बढ़ा सकती है, लेकिन एआईसीटीई से मान्यता न मिलने से यूनिवर्सिटी को कोर्स सेल्फ फाइनेंस चलाने पड़ेंगे। सीटें बढ़ने से आने वाले दिनों में छात्र कम फीस में शहर में ही यह कोर्स कर पाएंगे।

■ बीटेक व एमबीए करने वाले छात्र अगर विदेश में नौकरी के लिए जाते हैं तो उनकी डिग्री को वही मान्यता मिलेगी जो इंटरनैशनल लेवल की दूसरी यूनिवर्सिटी को मिलती है। वहीं, माध्यम व विश्वविद्यालय की पहचान अलग ही स्थान रखती है।

## साइंस कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष होंगे वाईएमसीए के वीसी

Yogesh.Tiwari@timesgroup.com

**120** रिसर्च पेपर शामिल किए जाएंगे

**फरीदाबाद :** इंडियन साइंस कांग्रेस के 105वें अधिवेशन की थीम रीचिंग द अनरीच्ड थ्रू साइंस एंड टेक्नॉलजी होगी। अधिवेशन में मटीरियल साइंस डिपार्टमेंट की अध्यक्षता वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार करेंगे। अधिवेशन अगले साल 3 से 7 जनवरी के बीच हैदराबाद की उस्मानिया यूनिवर्सिटी में आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यूनिवर्सिटी के कुलपति दिनेश कुमार ने बताया कि अधिवेशन में मटीरियल साइंस से वैज्ञानिकों के 120 रिसर्च पेपर शामिल किए जाएंगे। इसके साथ ही मटीरियल साइंस के लिए गेस्ट लेक्चरर के तौर पर विदेश से दो वैज्ञानिक आ रहे हैं। गेस्ट लेक्चरर में स्वीडन की लिंकोपिंग यूनिवर्सिटी के डॉ. आशुतोष तिवारी और यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लासगो के प्रफेसर रविंद्र धयिआ शामिल होंगे। प्रफेसर दिनेश ने बताया कि मटीरियल साइंस की अधिकतर रिसर्च आम लोगों की मूलभूत सुविधाओं सुगम बनाने पर होंगी। कॉन्फ्रेंस में वैज्ञानिक बताएंगे कि मॉर्डन साइंस और टेक्नॉलजी से कैसे हम समाज के आखिरी व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचा सकते हैं।




NBT नवभारत टाइम्स
हर शुभ खबर के साथ, और भी शुभ हो आप सबकी दीपावली
NBT DIWALI JASHN

**NEWS CLIPPING: 18 & 25.10.2017**

**PIONEER**

# वाईएससीए को सीएम देंगे करोड़ों की सौगात

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय विज्ञान सम्मेलन में होंगे मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि फरीदाबाद की ओर से 25 व 26 अक्तूबर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन के समापन समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान वे विवि में लगभग 60 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास तथा उद्घाटन करेंगे।

यह जानकारी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दी। बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य विज्ञान के प्रति छात्रों की रुचि को बढ़ावा देना तथा विज्ञान से संबंधित संवाद को प्रोत्साहित करना है। सम्मेलन में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लगभग 1500 छात्र हिस्सा लेंगे। विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में दीन बंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, मुरथल के कुलपति डॉ. राजेंद्र कुमार भी शामिल होंगे।



**HINDUSTAN**

प्रवेशद्वार, छात्रावास, रिहायशी और प्रशासनिक घिरनी का शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री, 26 को विज्ञान सम्मेलन का समापन

# वाईएमसीए विवि को नए सभागार की सौगात देंगे मुख्यमंत्री

फरीदाबाद | **अशोक कुमार**

वाईएमसीए (द यंग मैन्स क्रिश्चन एसोसिएशन) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अगले वर्ष 2018 में अपनी स्थापना की स्वर्ण जयंती मनाएगा। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने कुछ परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका शिलान्यास मुख्यमंत्री मनोहरलाल 26 अक्तूबर को विश्वविद्यालय परिसर में करेंगे।

इसके अलावा मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में चार परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे, जबकि विश्वविद्यालय परिसर में तैयार किए जा रहे नए सभागार का उद्घाटन करेंगे। विश्वविद्यालय का प्रवेशद्वार स्वर्ण जयंती वर्ष को दर्शाता हुआ स्वर्णजयंती प्रवेश द्वार बनेगा, जिस पर करीब 50 लाख रुपये की लागत आएगी। विश्वविद्यालय परिसर में प्रोफेसर और अन्य कर्मचारियों के लिए नए रिहायशी मकान पांच मंजिला सोसाइटी में बनेंगे। छात्राओं के लिए नया छात्रावास भी छह मंजिला बनाया जाएगा, जिसमें आधुनिकतम सुविधाएं और घर जैसी पढ़ाई का माहौल कायम रखने की



### प्रदर्शनी में प्रतिभा दिखाएंगे छात्र

विश्वविद्यालय में दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्र अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। इसमें करीब 500 छात्र समूह में अपने विज्ञान मॉडल तैयार करके लाएंगे। विज्ञान का उपयोग स्वच्छ भारत मिशन में कैसे कर सकते हैं। हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी, स्मार्ट सिटी, भौतिकी में हाइड्रोलिक लिफ्ट, रसायन शास्त्र में ठोस अवस्था, जीव विज्ञान में हाइड्रोफोनिक, गणित में चतुर्भुज मॉडलों के माध्यम से अपनी विज्ञान प्रतिभा दिखा सकेंगे।

### विज्ञान सम्मेलन का समापन

विश्वविद्यालय में 25 अक्तूबर से दो दिवसीय विज्ञान सम्मेलन शुरू होगा, जिसका समापन मुख्यमंत्री करेंगे। विज्ञान सम्मेलन में करीब अस्सी महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के विज्ञान के छात्र शिरकत करेंगे। अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञ वैज्ञानिकों को इस सम्मेलन में बुलाया गया है।

### 23 अक्तूबर तक करा सकेंगे पंजीकरण

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए पंजीकरण 23 अक्तूबर तक करा सकेंगे। फरीदाबाद, गुरुग्राम, पलवल, मेवात, रेवाड़ी समेत हरियाणा के करीब 80 महाविद्यालय और विद्यालयों को इस प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

विश्वविद्यालय अगले साल से अपना स्वर्णजयंती वर्ष मनाएगा। इसकी तैयारियों के मद्देनजर अपना मूलभूत ढांचे का सुधार बेहद आवश्यक है। इसके लिए राज्य सरकार ने कुछ परियोजनाएं मंजूर की है, जिनकी शुरूआत मुख्यमंत्री कर सकते हैं।

-डॉ. संजय शर्मा, कुल सचिव

**NEWS CLIPPING: 18 & 25.10.2017**

**DAINIK JAGRAN**

# वाईएमसीए विवि में सीएम करेंगे योजनाओं का शिलान्यास

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** हरियाणा स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 25 व 26 अक्टूबर को दो दिवसीय राज्यस्तरीय विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन के समापन समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान वह विश्वविद्यालय में लगभग 60 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।

यह जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों की रुचि को बढ़ाना और विज्ञान से संबंधित संवाद को प्रोत्साहित करना है। इस सम्मेलन में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लगभग 1500 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में दीन बंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल के कुलपति डॉ.राजेंद्र कुमार मुख्य अतिथि होंगे।

सम्मेलन की संयोजक डॉ.सोनिया बंसल ने बताया कि हरियाणा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित वैज्ञानिक के आमंत्रित चर्चा सत्र आयोजित किये जायेंगे तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की जायेगी। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा। दो दिवसीय विज्ञान सम्मेलन का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मॉडल्स की प्रदर्शनी रहेगी, जिसके लिए विभिन्न स्कूल एवं कालेजों से 24 अक्टूबर तक मॉडल्स आमंत्रित किये गये है। ये सभी मॉडल्स चयनित 11 विषयों कौशल भारत, हरित भारत, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, स्वदेशी भारत, स्वस्थ भारत, सुरक्षित भारत, शिक्षित भारत, समर्थ भारत, विज्ञान गांव तथा मेक इन इंडिया पर आधारित होंगे।